प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **13-04-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-मोटरसाईकिल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, थाना सोनकपुरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 09-04-2025 को वादी भूकन सिंह पुत्र मदनलाल निवासी ग्राम नमैनी गद्दी थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा वादी की मोटर साईकिल UP 21 CW 1336 को चोरी करने के संबंध में थाना सोनकपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना सोनकपुर पर मु0अ0सं0-25/2025 धारा-303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया । विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान दिनांक 13-04-2025 को उ0नि0 श्री रोबिन शर्मा द्वारा मय हमराह पुलिस बल के अभियुक्त **रुम सिंह पुत्र मलखान निवासी ग्राम अभनपुर नरौली थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद** को गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से चोरी की मोटरसाईकिल बरामद की गयी । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी ।

गिरफ्तार अभियुक्तः-रुम सिंह पुत्र मलखान निवासी ग्राम अभनपुर नरौली थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद
बरामदगी का विवरणः- मोटर साईकिल रजिस्ट्रेशन नम्बर UP 21 CW 1336
गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1) उ0नि0 रोबिन शर्मा थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद
2) उ0नि0 महेश कुमार गंगवार थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद
3) आरक्षी चक्रेश चौधरी थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद

2- एक व्यक्ति का सदोष परिरोध कर मारपीट कर गंभीर रुप से घायल करने के 02 आरोपी गिरफ्तार, थाना कांठः-

अवगत कराना है कि दिनांक 11-04-2025 को वादिनी निवासी थाना कांठ क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी के पुत्र को सदोष परिरोध में रखना व उसकी इच्छा के विरुद्ध श्रम करने पर विवश करना तथा मारपीट कर के जंगल में डाल देने, मारपीट से आई चोटो के कारण अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के संबंध में थाना कांठ पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0-103/2025 धारा 127(2)/146/105/3(5) BNS पंजीकृत किया गया । विवेचना के क्रम में दिनांक 13-04-2025 को उ0नि0 श्री प्रवेन्द्र सिंह द्वारा हमराह कर्मचारीगण के साथ अभियुक्तगण **1-कर्मवीर सिंह पुत्र स्व0 रावेन्द्र सिंह 2-सन्तोष देवी उर्फ मिथलेश देवी पत्नी स्व0 रावेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम रायपुर कला थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा** को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1-कर्मवीर सिंह पुत्र स्व0 रावेन्द्र सिंह निवासी ग्राम रायपुर कला थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा

2-सन्तोष देवी उर्फ मिथलेश देवी पत्नी स्व0 रावेन्द्र सिंह निवासी ग्राम रायपुर कला थाना अमरोहा देहात,अमरोहा

बरामदगी का विवरणः- एक डन्डा लकड़ी, एक पाईप पीवीसी प्लास्टिक

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1) उ0नि0 श्री प्रवेन्द्र सिंह थाना कांठ जनपद मुरादाबाद
2) उ0नि0 लईक अहमद थाना कांठ जनपद मुरादाबाद
3) म0उ0नि0 ज्योति चौधरी थाना कांठ जनपद मुरादाबाद
4) हे0का0 विपिन कुमार थाना कांठ जनपद मुरादाबाद
5) कां0 इन्द्रपाल थाना कांठ जनपद मुरादाबाद
6) म0का0 प्रेरणा थाना कांठ जनपद मुरादाबाद